# O X F O R D   P U B L I C   S C H O O L

AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268

Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand

Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com

Ph: 748596731


**प्रेस विज्ञप्ति**

# ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस का भव्य आयोजन

रांची, 5 सितंबर, 2025

ऑक्सफ़ोर्ड पब्लिक स्कूल, राँची में शिक्षक दिवस बड़े उत्साह, ऊर्जा और उमंग के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन और डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन को नमन करने के साथ हुई, जिनका शिक्षा के क्षेत्र में योगदान अत्यंत उल्लेखनीय रहा है। इस यादगार दिन के संचालक नबारून सेनगुप्ता और रेखा सिंह थे, जिन्होंने शिक्षक दिवस के महत्व को रेखांकित किया।

ऑक्सफ़ोर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स के चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता ने इस पावन अवसर पर शिक्षकों को अपनी शुभकामनाएँ दीं। सचिव श्रीमती किरण मेहता ने भी शिक्षक दिवस पर सभी को शुभकामनाएँ दीं और शिक्षकों की सराहना करते हुए कहा कि वे न केवल छात्रों का उत्तम मार्गदर्शन करते हैं, बल्कि स्वयं भी अत्यंत प्रतिभाशाली हैं। जूनियर विंग के इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा ने ऑक्सफ़ोर्ड परिवार के प्रत्येक सदस्य के महत्व पर बल दिया और उन्हें एक परिवार बताया। उन्होंने चेयरमैन डॉ. एस.बी.पी. मेहता को उनके उत्कृष्ट मार्गदर्शन और परामर्श के लिए धन्यवाद अर्पित किया। इस अवसर पर केक काटने का समारोह आयोजित किया गया जिसके बाद विद्यालय के विशिष्ट अतिथियों का सम्मान किया गया।

श्री जितेन्द्र कुमार, श्री दुर्गेश पूर्ति, डॉ. दिलीप कुमार, श्री सुजोन पॉल, सुश्री मनीषा सिंह और श्री जितेन्द्र कुमार (हिंदी) ने मधुर संगीतमय प्रस्तुति दी और श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। चारों ओर हर्ष और उल्लास का वातावरण था। सुप्रिया बसाक ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से दर्शकों को मोहित कर दिया। जूनियर विंग और नर्सरी विंग की महिला शिक्षिकाओं द्वारा शानदार नृत्य प्रस्तुत किए गए। इसके बाद प्रेस और मीडिया का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को और भी मनोरंजक बनाने के लिए कई खेलों का आयोजन किया गया। विद्यालय के सहयोगी कर्मचारियों ने पारंपरिक नागपुरी नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। श्री नीरज कुमार और श्री नवीन कुमार ने अपनी प्रेरणादायक रचनाओं का पाठ किया। विद्यालय के पूरे स्टाफ को उनकी मेहनत, समर्पण और निष्ठा के सम्मान स्वरूप सम्मानित किया गया।

विद्यालय की प्रबंधन समिति के आदरणीय सदस्य ऑक्सफ़ोर्ड ग्रुप ऑफ़ इंस्टीट्यूशन्स की सचिव श्रीमती किरण मेहता, अकादमिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता, प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर, अकादमिक समन्वयक श्री रवि शेखर, जूनियर विंग के इंचार्ज श्री राजकिशोर शर्मा और नर्सरी विंग की प्राचार्या श्रीमती सोमा घोष कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन से पूर्व विद्यालय के प्राचार्य श्री रंजीत कुमार ठाकुर ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। अकादमिक निदेशिका डॉ. सिमी मेहता ने शिक्षकों के प्रयासों की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने शानदार टीम भावना का परिचय देते हुए अद्भुत कार्यक्रम प्रस्तुत किया। उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षक दिवस आत्मचिंतन और आत्मविश्लेषण का दिन है, ताकि भविष्य के राष्ट्रनिर्माताओं का मार्गदर्शन सर्वश्रेष्ठ ढंग से किया जा सके।

OXFORD PUBLIC SCHOOL
AFFILIATED TO C.B.S.E. DELHI, SCHOOL CODE No: 8268
Pragati Path, Ranchi 834 001, Jharkhand
Website: www.oxfordpublicschool.net.in ; E-mail: oxfordpsranchi@rediffmail.com
Ph: 748596731

**Press Release**

# TEACHERS' DAY CELEBRATION AT OXFORD PUBLIC SCHOOL

Ranchi, 5th September, 2025

Oxford Public School, Ranchi celebrated Teachers' Day with immense enthusiasm, energy and spirit. The day commenced with the lighting of the lamp and by revering Dr Sarvepalli Radhakrishnan whose contribution to the field of education has been nothing short of being remarkable. The anchors for this memorable day were Nabarun Sengupta and Rekha Singh who highlighted the importance of Teachers' Day.

The Chairman of Oxford Group of Institutions Dr. S.B.P Mehta conveyed his best wishes to the teachers on this auspicious occasion. The Secretary of Oxford Group of Institutions Mrs. Kiran Mehta extended her best wishes on Teachers' Day to everyone and praised the teachers for not only guiding the students well but also being immensely talented themselves. The Incharge of the Junior Wing Mr. Rajkishore Sharma stressed on the importance of each member of the Oxford family and referred to them as one soul. He extended his gratitude to the Chairman of Oxford Group of Institutions Dr. S.B.P Mehta for his excellent guidance and mentorship. To commemorate the occasion, a cake cutting ceremony was held before the felicitation of the dignitaries of the school.

Mr. Jitender Kumar, Mr. Durgesh Purty, Dr. Dilip Kumar, Mr. Sujon Paul, Ms. Manisha Singh and Mr. Jitender Kumar (Hindi) presented a melodious rendition and enthralled the audience. There was joy and mirth all around. Supriya Basak mesmerised the audience with her captivating dance performance. There were spectacular dance performances by the female teachers of the Junior Wing and the Nursery Wing. This was followed by the felicitation of the Press and Media.

Several games were organised to add to the fun filled environment. The traditional Nagpuri dance was wonderfully presented by the supporting staff of the school. Mr. Neeraj Kumar and Mr. Navin recited their inspiring compositions. The entire staff of the school was felicitated as a token of appreciation for their hard work, dedication and sincerity.

The esteemed members of the management committee of the school, the Secretary of Oxford Group of Institutions Mrs. Kiran Mehta, the Academic Director Dr. Simi Mehta, the Principal Mr. Ranjeet Kumar Thakur, the Academic Coordinator Mr. Ravi Shekhar, the Incharge of Junior Wing Mr. Raj Kishore Sharma and the Principal of Nursery Wing Mrs. Soma Ghosh were present to grace the occasion. The Academic Director Dr. Simi Mehta lauded the efforts of the teachers in putting up a spectacular show displaying tremendous team spirit. She emphasised that Teachers' Day is a day to reflect and introspect in order to improvise so that the future nation builders can be guided in the best possible manner. Before the conclusion of the programme the vote of thanks was delivered by the Principal of the school Mr. Ranjeet Kumar Thakur. The heartwarming programme came to an end with the National Anthem.